दीवानी मैं तो तेरी हो गयी

आई जब से मैं खाटू धाम,
दीवानी मैं तो तेरी हो गयी -2
मुझे दुनियाँ से अब क्या काम,
दीवानी मैं तो तेरी हो गयी,
आई जब से मैं खाटू धाम,
दीवानी मैं तो तेरी हो गयी।.....

तेरे नाम की लगन लगी है,
सुध बुध मैं भूली सारी,
सच्चा तेरा साथ साँवरे,
झूठी दुनियाँदारी, -2
मैं कहती हूँ, आज सरेआम,
दीवानी मैं तो तेरी हो गयी,
आई जब से मैं खाटू धाम......

मैंने अपनी जीवन नैया,
कर दी तेरे हवाले रे,
मेरी बंद किस्मत के बाबा,
खोल दिए सब ताले रे -2
छाई जीवन में ख़ुशियाँ तमाम,
दीवानी मैं तो तेरी हो गयी,
आई जब से मैं खाटू धाम.....

इज्ज़त देदी शौहर दे दी,
रख दिया मेरे सर पर हाथ,
यही तमन्ना बाबा, तेरा
मेरा कभी ना छूटे साथ -2
सिट्टू साँवरिया जपे तेरा नाम,
दीवानी मैं तो तेरी हो गयी,
आई जब से मैं खाटू धाम.....

आई जब से मैं खाटू धाम,
दीवानी मैं तो तेरी हो गयी,
मुझे दुनियाँ से अब क्या काम,
दीवानी मैं तो तेरी हो गयी......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/22848/title/deewani-main-to-teri-ho-gayi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |